www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-259 | सागवाड़ा, मंगलवार, 7 जून, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने आदिवासी समाज के विभिन्न मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए प्रेसवार्ता की

# आदिवासियों को मिलने वाले कुल आरक्षण का 50% टीएसपी क्षेत्र आदिवासियों को मिले

**डूंगरपुर।** जिले में आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने आदिवासी समाज के विभिन्न मांगो को सरकार तक पहुंचाने के लिए डाक बंगले में प्रेसवार्ता का आयोजन किया। इस दौरान आदिवासी महासमिति के प्रदेश अध्यक्ष सुंदरलाल परमार ने कहा कि राजस्थान में एसटी वर्ग की कुल जनसंख्या 13.48% है जिसमे से 50 प्रतिशत आदिवासी आबादी टीएसपी एरिया में निवास करती हैं। ऐसे में आदिवासियों को मिलने वाले कुल आरक्षण का 5% टीएसपी क्षेत्र को मिलना चाहिए। इसके अलावा पेसा एक्ट को धरातल पर लागू करने, वन अधिकार कानून 2006 के तहत पात्र आदिवासियों को पट्टे देने, आदिवासी क्षेत्र में पूर्ण रूप से शराब बंदी करने, गांव में शिक्षा के स्तर को सुधारने, तथा कांकरी डूंगरी प्रकरण में निर्दोश लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की गई है। सुंदर लाल परमार ने टीएसपी क्षेत्र में कुछ गैर आदिवासी नेताओं द्वारा अपने निजी स्वार्थ के लिए आदिवासी जनप्रतिनिधियों में फूट डालने और गुटबाजी पैदा करने के भी आरोप लगाए हैं। आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि अगर उनकी मांगों पर सरकार गौर नहीं करती है तो आने वाले समय में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के प्रति आदिवासी समाज के लोग अपनी विचारधारा बदलेंगे और उन्हें समाज की मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए बाध्य करेंगे ।

# बेटी की अस्थियां विसर्जित करने हरिद्वार गया परिवार, पीछे से 14 दिन से सुने घर से 5 लाख के जेवर चोरी

## डूंगरपुर के विवेकानंद कॉलोनी में एक सुने मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत शहर के विवेकानंद कॉलोनी में एक सुने मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। चोर मकान से 5 लाख रुपए से ज्यादा के जेवर चोरी कर ले गए है।

घर के लोग बेटी की अस्थियां विसर्जित करने हरिद्वार गए थे और ये घटना हुई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाने के थानाधिकारी दिलीप दान चारण ने बताया कि थाना क्षेत्र में डूंगरपुर शहर के विवेकानंद कॉलोनी निवासी पिंटू दर्जी के घर



चोरी की वारदात हुई है। विवेकानन्द कॉलोनी निवासी पिंटू समेत उसके परिवार के सभी लोग 26 मई को हरिद्वार बेटी की अस्थियां विसर्जित करने गए थे। 14 दिन से मकान सूना पड़ा था। 14 दिन के बाद पिंटू दर्जी और उसका परिवार आज मंगलवार को वापस घर लौटा तो घर के ताले टूटे देखकर होश उड़ गए। चोरों ने घर की अलमारी के ताले तोड़कर पूरा सामान बिखेर दिया। अलमारी में रखे सोने –चांदी के जेवरात भी चोरी कर ले गए। पिंटू दर्जी ने बताया की सोने का मंगलसूत्र, हार, चैन, कान के 3 टॉप्स चोरी कर ले गए। जेवरात की कीमत करीब 5 लाख रुपए बताई जा रही है। घटना की खबर लगते ही कॉलोनी के लोग इकट्ठे हो गए। पीड़ित में मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस अब घटना को लेकर आसपास के क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, जिसके आधार पर आगे की जांच होगी। कोतवाली सीआई दिलीपदान ने बताया की चोरी की वारदात के खुलासे को लेकर जल्द ही प्रयास किए जाएंगे। गौरतलब है 31 मई को भी भीतरी शहर में भी चोरों ने एक। ओर सुने मकान को अपना निशाना बनाया था।

वहां से भी चोर 5 लाख के जेवर चुराकर ले गए थे। उस मामले का भी पुलिस अभी तक खुलासा नही कर पाई है।

# 20 लाख रुपए से अधिक कीमत की महंगी शराब जब्त की

## बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में रतनपुर पुलिस चौकी स्टाफ ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की

**डूंगरपुर।** जिले में बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में रतनपुर पुलिस चौकी स्टाफ ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने आयशर ट्रक से अमेजॉन कंपनी के बॉक्स के अंदर भरी 20 लाख रुपए से अधिक कीमत की महंगी शराब जब्त की है। रतनपुर चौकी प्रभारी सुशील दशोरा ने बताया कि मुखबिर के जरिये अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली थी जिस पर राजस्थान–गुजरात की सीमा रतनपुर बॉर्डर पर नकेबन्दी की गई थी। इस दौरान उदयपुर की तरफ से आ रहे एक ट्रक को रोका गया। ट्रक रुकते ही ट्रक चालक कूदकर भाग गया वही पुलिस ने ट्रक के खलासी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो देखा कि ट्रक में गत्तों के पीछे अमेजन कंपनी की पेकिंग के बॉक्स पड़े थे।

इन बॉक्स को खोलकर देखा तो उनमें विभिन्न ब्रांड की महंगी अंग्रेजी शराब भरी हुई थी। इसके बाद पुलिस ने उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद निवासी ट्रक के खलासी को गिरफ्तार कर लिया वही ट्रक को जब्त कर बिछीवाड़ा थाने पर लाया गया।

पुलिस ने ट्रक में भरे बॉक्स से 569 बोतल महंगी ब्रांड की अवैध शराब जब्त की है जिसकी बाजार में कीमत 20 लाख रुपये से अधिक है। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार खलासी ने अवैध शराब हरियाणा के मानेसर से भरकर गुजरात ले जाना बताया है।

फिलहाल पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया



**सागवाड़ा।** जिला स्तरीय बास्केटबॉल 17 व 19 वर्ष छात्र वर्ग का ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का आकस्मिक निरीक्षण मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अमृत लाल कलाल ने किया। 1 जून 2022 से 15 जून 2022 के आयोजन स्थल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जेठाना ब्लॉक सागवाड़ा जिला डूंगरपुर में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अमृत लाल कलाल डूंगरपुर थे। विशिष्ट अतिथि सहायक प्रशासनिक अधिकारी इंद्रजीत सिंह अहड़ा, व खेल अधिकारी नारायण लाल खराड़ी व मनोहर माली थे। विशिष्ट अधिकारी ने सागवाड़ा परिक्षेत्र में हर क्षेत्र में सागवाड़ा का विकास तथा खेल के क्षेत्र में विकास के टिप्स दिए । कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत शारीरिक शिक्षक वासुदेव बलाई द्वारा व बापुलाल माली द्वारा उक्त शिविर का आयोजन के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। इस कार्यक्रम में जिले से प्रतिनियुक्त शारीरिक शिक्षक लक्ष्मण लाल डिंडोर भी मौजूद रहे। उक्त शिविर में कुल 41 संभागीय ने आवेदन किया जिसमें से 24 खिलाड़ियों का चयन किया गया। इस समय गांव के कई ग्रामीण उपस्थित थे ।संचालन पंकज मेहता ने व आभार धर्मेन्द्र मेहता ने किया।

### बीटीपी विधायकों दबाव, गृह राज्यमंत्री बोले-

# काकरी डूंगरी प्रकरण में दर्ज मुकदमों पर होगा पुनर्विचार

**डूंगरपुर।** राज्यसभा चुनाव को लेकर गहलोत सरकार यू-टर्न लेती नजर आ रही है। BTP विधायकों द्वारा कांकर डूंगरी आंदोलन में दर्ज मुकदमें को वापस लेने की मांग पर अब सरकार एक बार जांच करने बात कह रही है।

बाड़ेबंदी के बाहर आए गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव ने कहा कि अक्सर बड़ी घटनाओं में निर्दोष युवाओं पर भी मामले दर्ज हो जाते हैं, ऐसे में कांकर डूंगरी प्रकरण में दर्ज मुकदमों पर पुनर्विचार होगा ।गृह राज्य मंत्री यादव ने कहा बीटीपी के दोनों विधायक सीएम से मिले हैं। उन्होंने आदिवासी अंचल इलाके के विकास को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने शिक्षकों भर्ती को लेकर आंदोलन



चलाया। इसी दौरान कांकर डूंगरी प्रकरण हुआ। 2 युवाओं की मौत हुई। यादव ने कहा कि पुलिस ने मुकदमे दर्ज किए।

कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई। ऐसे प्रकरणों में कई निर्दोष युवाओं खिलाफ भी मुकदमे दर्ज हो जाते है। कई युवाओं का सलेक्शन भी हो गया, लेकिन मुकदमें लंबित होने पर उनकी नौकरी नहीं लग पा रही है। उन्होंने कहा कि इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि आदिवासी युवाओं पर दर्ज मामलों में पुन: निष्पक्ष जांच करते हुए प्रकरणों का निस्तारण कर युवाओं को राहत दी जाएगी। यादव ने कहा कि इन केसेज की निष्पक्ष जांच होगी और निर्दोश युवाओं को छोड़ा जाएगा।

## चोरी की घटना के एक सप्ताह बाद भी खुलासा नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया

**डूंगरपुर।** शहर के सोनिया चौक में गत दिनों दिन दहाड़े एक सूने मकान में हुई चोरी की वारदात को लेकर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। चोरी की घटना के एक सप्ताह बाद भी पुलिस के हाथ खाली होने से आक्रोशित लोगों ने आज कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और एडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए चोरी के जल्द खुलासे की मांग रखी। सोनिया चौक निवासी किशोर भावसार ने बताया कि 31 मई की सुबह वो अपनी दुकान पर जाने निकला था ,जबकि पत्नी अनिता भावसार गलियाकोट अपने रिश्तेदार के घर मेहमान गई थी। देर रात को अनिता गलियाकोट से लौटी तो देखा कि घर के ताले ओर अलमारी टूटी पड़ी थी। वही अलमारी से साढ़े 5 लाख के सोने- चांदी के जेवर चोरी हो गए थे। मामले को लेकर पीडित परिवार ने कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज .करवाया गया था लेकिन घटना के। दिन बाद भी पुलिस ने जांच तेज नहीं की है। ऐसे में अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा है।

## बाइक आमने सामने टकराई, एक युवक की मौत, गेंजी के पास हुआ एक्सीडेंट

**सीमलवाड़ा।** सीमलवाड़ा रोड पर गैंजी के पास दो बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। चौरासी थाने के हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह ने बताया की दिनेश वरहात निवासी लाडसोर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया की वह, उसका भाई विजयपाल वरहात और चचेरा भाई हरीश वरहात कल सोमवार को मोटरसाइकिल लेकर डूंगरपुर आए थे। काम पूरा होने पर देर रात को वापस मोटरसाइकिल लेकर घर जा रहे थे। चचेरा भाई हरीश आगे चल रहा था, जबकि वह और भाई विजयपाल दूसरी बाइक पर पीछे थे। गेंजी के पास जाते ही सामने से तेज रफ्तार आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में हरीश के हाथ – पैर और सिर पर गंभीर चोटें आई, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वही दूसरी बाइक का चालक मौके से भाग गए। एंबुलेंस से घायल हरीश को डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर आए।

# गौ रक्षा हिन्दू दल की बैठक हुई



**आसपुर।** गौ रक्षा हिन्दू दल की बैठक झल्लारा के गातोड़ मंदिर में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा की हमे सभी संगठनों को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाकर एक दूसरे का साथ देकर गायों की हो रही तस्करी को रोकना है। सभी तहसील स्तर पर गौशाला खुलवाने का सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखेंगे। जिला प्रभारी लालूराम पटेल ने कहा की प्रतिदिन करीब एक लाख गाये कत्लखाने जाती है। कत्लखाने जाने वाली गायों को हमें बचाना है। प्रशासन को ज्ञापन से सूचित करेंगे अगर कार्यवाही नही हुई तो धरना एवं आन्दोलन होगा। तहसील अध्यक्ष प्रहलाद सेवक के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला महासचिव तख्तसिंह सोलंकी, सलुम्बर तहसील अध्यक्ष योगेश जोशी,झाडोल तहसील अध्यक्ष राजकुमार जोशी,सराडा तहसील अध्यक्ष नितेश पटेल,झाडोल महामंत्री कैलाश चंद्र अमरावती, झाडोल मंत्री नरेश प्रजापत, वालाराम पटेल,दिनेश पंचाल, गणपत सिंह, खेमराज पटेल, हरिओम सेवक, गौतमलाल पटेल, संजय सुथार, उमेश मेघवाल, जितेंद्र सुथार,नरेश पटेल, दिनेश पटेल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के आठ वर्ष पूर्ण होने पर ओबीसी मोर्चो डूंगरपुर का जिलास्तरीय सम्मेलन हुआ

**सागवाड़ा।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश संगठन के आदेशानुसार ओबीसी मोर्चो का जिलास्तरीय सम्मेलन सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के गौरेश्वर मंदिर प्रांगण में हुआ। सुशासन एवं गरीब कल्याण के कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए ओबीसी मोर्चो का जिलास्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। संचालन जिला महामन्त्री दिलीप पटेल एवं सागवाड़ा ओबीसी मोर्चो के विधानसभा प्रभारी वासुदेव पाटीदार ने करते हुए कार्यक्रम के शुरुआत की । अध्यक्षता ओबीसी मोर्चो के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र श्रीमाल ने की। विशिष्ट अतिथि डूंगरपुर



बांसवाड़ा के सांसद कनकमल कटारा थे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या, पूर्व जिलाध्यक्ष गुरुप्रसाद पटेल, हरीश पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी ताजेंग पाटीदार, कार्यक्रम के जिला संयोजक शांतिलाल पण्डया ओबीसी मोर्चो के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल पटेल,जिला प्रमुख सूर्या अहारी, सागवाड़ा प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा, गलियाकोट प्रधान जयप्रकाश पारगी, एस टी मोर्चो के जिलाध्यक्ष कांतिलाल डामोर, केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष बद्रीनारायण जी शर्मा, महिला मोर्चो की जिलाध्यक्ष राजकुमारी प्रजापत, ओबीसी मोर्चो के जिला उपाध्यक्ष अनिल सुथार, नवनीत जी पाटीदार सागवाड़ा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी, ओबरी मंडल अध्यक्ष नटवरलाल मोड़ पटेल,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राज रेबारी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अनिता पण्ड्या थे।

# सागवाड़ा में निकला राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन, प्रारंभिक समिति शिक्षा वर्ग का समापन

**सागवाड़ा।** राष्ट्र सेविका समिति बांसवाड़ा विभाग द्वारा सागवाड़ा में प्रारंभिक समिति शिक्षा वर्ग का समापन पथ संचलन के बाद समाप्त हो गया। समाज की कुरीतियों को दूर करने और हिंदुओं में एकता व स्वस्थ शरीर, संवेदना, भावना युक्त मन, ज्ञान बुद्धि ऐसे देवियों गुणों का विकास करते हुए जीवन का कुछ समय राष्ट्र कार्य में लगाएं इस को ध्यान में रखते हुए राष्ट्र सेविका समिति के शिक्षा वर्ग का आयोजन किया गया। राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन सोमवार को



सागवाड़ा शहर में निकाला गया। जहां लोगों ने स्वयं सेविकाओं के पथ संचलन पर पुष्प वर्षा की पथ संचलन विद्यानिकेतन विद्यालय सागवाड़ा माधव परिसर से प्रारंभ होकर प्रजापत मोहल्ला, सलाटवाडा, भावसारवाडा, पोल का कोठा होते हुए मांडवी चौक पहुची, माडवी चौक से सदर बाज़ार, गोल चौराहा होते हुए महिपाल खेल मैदान पहुचा। पथ संचलन में बड़ी संख्या में नगर की स्वयं सेविकाओं के अलावा विभाग की स्वयं सेविकाए शामिल हुई ।पूर्ण गणवेश में बड़ी संख्या में समिति की सेविकाए बड़े ही अनुशासित और राष्ट्रीय सोच के साथ पथ संचलन में चल रही थी । पथ संचलन में सैकड़ों की संख्या में स्वयं सेविकाओं ने हिस्सा लिया महिपाल खेल मैदान में प्रार्थाना करने के बाद पथ संचलन का समापन हुआ।

## पंचायतों में हुए फॉलोअप शिविर, लोगों के काम हुए




**सागवाड़ा।** सागवाड़ा पंचायत समिति के वरदा, किशनपुरा, नोकना, कहेला, बैंण, रणोली, बिलिया बडगामा पंचायतों का प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत फॉलोअप शिविर उपखंड अधिकारी रामचंद्र खटीक के निर्देशन में राजीव गांधी सेवा केन्द्र वरदा में आयोजित हुआ। शिविर प्रभारी तहसीलदार डॉ मयुर शर्मा, नायाब तहसीलदार भोपाल सिंह राठौड़, गिरदावर अमर सिंह सांखला, पटवारी संतोष कुमार, हर्षद पंचोरी, विपिन पाटीदार, लोकेश डोडियार, डॉ कल्पेश पाटीदार वीडियो कृष्ण कुमार सिंह,पीईईओ महिपाल सिंह, वरदा सरपंच फूलवन्ती रोत, किशनपुरा सरपंच कांतिलाल रोत, रणोली सरपंच हिम्मतराम कटारा की उपस्थिति में शिविर का आयोजन हुआ।

## निजी बस ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में बाइक सवार की हुई मौत

**सागवाड़ा।** आसपुर रोड पर 133 केवी पावर हाउस के पास एक निजी बस ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सागवाडा थाने के थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया की लिमडी निवासी गटुलाल पुत्र कानाजी डामोर ने रिपोर्ट दी है। रिर्पोट में गटुलाल डामोर ने बताया की उसका छोटा भाई 34 वर्षीय गोवर्धन डामोर कल शाम को लिमडी से माविता गाँव जाने के लिए बाइक पर निकला था। लिमडी से माविता जाते समय सागवाडा शहर के पास आसपुर रोड पर 133केवी पावर हाउस के पास एक निजी बस ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार गोवर्धन डामोर गंभीर घायल हो गया। इधर हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। लोगो ने मामले की सुचना सागवाडा थाना पुलिस व 108 एम्बुलेंस को दी। सुचना पर 108 एम्बुलेंस व पुलिस मौके पर पहुंचे।



## वागड़ प्रसिद्ध भागवत कथाकार प्रदीप भाई शास्त्री की भागवत कथा द्वारका में 9 जून से

**सागवाड़ा।** वागड़ क्षेत्र के भागवत कथा मर्मज्ञ श्री प्रदीप भाई शास्त्री द्वारा देवनगरी द्वारका मैं दिनांक 9 जून से 15 जून तक भागवत सप्ताह का आयोजन होगा। इस कथा से शास्त्री जी के कथा रसिको में प्रसन्नता की लहर छा गई है। कथा का सीधा प्रसारण youtube के दिशा चैनल पर घर बैठे कथा का आनंद ले सकते हैं। शास्त्री जी ने बताया कि पूजन प्रात: 8:00 से 10:00 श्री भागवत जी की शोभायात्रा एवं कलश यात्रा द्वारकाधीश मंदिर गुजरात से भक्ति धाम स्वामीनारायण कथा स्थल तक होगी। उसके बाद प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से।